WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# दैनिक मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 351 मेरठ, शुक्रवार 09 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




## मेरठ में बिक रहे नकली कॉस्मेटिक प्रोडक्ट, लाखो का माल पकड़ा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** नकली दवाओं, नकली किताबों और नकली कपड़ों के बाद मेरठ में अब कॉस्मेटिक का नकली सामान पकड़ा गया है। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और मेरठ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर निविया और लक्मे के 25 लाख रुपए के नकली कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली समेत कई शहरों में नकली लिपस्टिक, लिप बाम, फेस क्रीम और सौंदर्य प्रसाधन की सप्लाई करते थे। इस मामले में देहलीगेट थाने में कॉपी राइट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने एसएसपी मेरठ को मेरठ समेत आसपास के शहरों में निविया और लक्मे जैसे ब्रांड के नकली उत्पाद बेचे जाने की शिकायत की थी। जिसके बादै च मेरठ के निर्देश पर बुधवार रात को ब्ब कोतवाली अरविंद चौरसिया और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड की टीम ने देहलीगेट क्षेत्र मैं पुनीत के सराय लाल दास स्थित स्टोर, पूर्वा फैयाज अली में रूमैन के नगर निगम स्थित स्टोर, और श्याम नगर निवासी मोहम्मद सफी के सराय लाल दास स्थित स्टोर, ऊंचा सदीक नगर निवासी फुरकान के वेली बाजार स्थित स्टोर में छापेमारी कर नकली लिपस्टिक, लिप बाम, फेस क्रीम और सौंदर्य प्रसाधन का सामान बरामद किया।




**मेरठ, गाजियाबाद, दिल्ली व नोएडा तक फैला है जाल**

सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि निविया व लक्मे कंपनी के फेस पाउडर, डियो, फेस सिरम, लिप बाम, लिपस्टिक, फेस क्रीम और कॉस्मेटिक का अन्य सामान भी बरामद किया गया है। आरोपियों चारों स्टोर संचालकों के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जिनसे पूछताछ की जा रही है। बरामद सामान की कीमत करीब 25 लाख बताई गई है। नकली सामान बनाने वालों ने बार कोड तक बदल दिया था। स्प्रे की जगह पानी भरा हुआ था। लिपिस्टक भी देखने में नकली नहीं लग रही थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि साबुन गोदाम निवासी सुनील कुमार गुप्ता यह समान अलग-अलग सप्लाई करता था। आरोपी मेरठ के साथ ही गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली में भी इस डुप्लीकेट सामान को सप्लाई करते थे। जिसमें पुलिस साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस को पूछताछ में यह भी पता चला है कि दिल्ली और नोएडा से भी डुप्लीकेट सामान मेरठ में सप्लाई के लिए आया था।

## आयकर विभाग ने लगाया 42 करोड़ का टैक्स

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** में करीब तीन साल पहले व्यापारी संजीव गुप्ता के घर से मिले 25 करोड़ रुपये के मामले में इनकम टैक्स विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इनकम टैक्स विभाग ने व्यापारी संजीव गुप्ता पर 42 करोड़ का टैक्स लगाया है। बता दें कि 2018 में तत्कालीन एसएसपी मंजिल सैनी ने परतापुर पुलिस से संजीव गुप्ता के घर पर छापा लगवाया था। इस दौरान पुलिस ने उसके घर से 25 करोड़ रुपये की पुरानी करेंसी बरामद की थी।ह्न बताया गया है कि संजीव गुप्ता ने यह रुपये नोटबंदी के दौरान कई लोगों से लेकर इकट्ठा किए थे और इनको नए नोटों में तब्दील कराने के लिए वह लगा हुआ था। फिलहाल यह नोट परतापुर थाना में आज भी रखे हुए हैं। इस मामले की जांच इनकम टैक्स विभाग कर रहा है और इनकम टैक्स विभाग ने संजीव गुप्ता पर 42 करोड़ रुपये का टैक्स लगाया है।

## 25 जुलाई से शुरू होगी कांवड़ यात्रा, यूपी के बाद उत्तराखंड सरकार ने भी दी मंजूरी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शिवभक्तों के लिए बड़ी खुशी की खबर सामने आई है। कोरोना महामारी के बीच उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा को मंजूरी दे दी है। इससे पहले योगी सरकार ने भी इसके लिए मंजूरी दे दी थी, लेकिन उत्तराखंड में रोक के कारण भक्तों के लिए भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। अब उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी यात्रा को ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद राज्य में 25 जुलाई से कावड़ यात्रा निकाली जा सकेगी। दरअसल योगी सरकार ने अधिकारियों से कहा था कि पड़ोसी राज्यों उत्तराखंड और बिहार सरकार से बातचीत कर गाइडलाइन जारी की जाएं। हालांकि कांवड़ यात्रा के दौरान कोरोना नियमों का पूरा ध्यान रखना होगा। बता दें कि कोरोना महामारी की वजह से उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा पर रोक लगा दी थी। राज्य के मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने इस बारे में निर्देश जारी किए थे, लेकिन अब यूपी की योगी सरकार से बातचीत के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी कांवड़ यात्रा निकाले जाने को अपनी मंजूरी दे दी है।



## विधायक संगीत सोम के पूर्व गनर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के लालकुर्ती थाना क्षेत्र में छिपी टैंक पर संगीत सोम की सुरक्षा में तैनात सिपाही की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । शव मकान में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मूल रूप से शामली के कासमपुर निवासी प्रदीप कुमार यूपी पुलिस 2011 बैच के कश्वन्स्टेबल थे। प्रदीप कुमार 5 साल तक शोभा त्यागी की सुरक्षा में तैनात रहे थे। वर्तमान में प्रदीप कुमार भाजपा विधायक संगीत सोम की सुरक्षा में तैनात थे।कुछ दिन पहले ही पुलिस लाईन हाजिर हुए थे। प्रदीप कुमार बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे छिपी टैंक कश्वलेज रोड पर अपने दोस्त शोभित त्यागी के मकान पर पहुंचे थे। इसके बाद से कुछ टाइम बाहर गया और शाम वो वापस आया। बुधवार रात को प्रदीप यहीं रुका था। सुबह करीब 9 बजे कमरे के बाथरूम में प्रदीप मृत पड़े मिले। शोभित ने पुलिस को सूचना दी। प्रदीप कुमार के परिजन भी मेरठ पहुँच गए। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है । फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।और पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## जिस तन लागे वो तन जाने कोई ना जानें प्रीत पराई 44वें दिन भी जारी है विरोध प्रदर्शन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ सिवाया टोल प्लाजा पर भाकियू राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बेतहासा महंगाई के विरोध मे प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी ने बताया कि सरकार जनता को गन्ने की तरह इस्तेमाल करके बेहिसाब टैक्सो के कोल्हू मे पेल रही है आज देश की अधिकांश जनता अघोषित दिवालियापन की दहलीज पर खड़ी है और ऊपर से मोदी सरकार जनता को राहत देने के बजाय बर्बाद करने का प्रयास कर रही है। महंगाई के विरोध मे भारतीय किसान यूनियन मेरठ द्वारा आज सिवाया टोल पर हॉर्न बजाकर व सिलेंडर उठाकर बहरी सरकार तक महंगाई की आवाज पहुँचाने का काम किया गया। आज जिला मेरठ मे अनेको स्थानो पर महंगाई को लेकर प्रदर्शन हुआ जिसमे छोटा मवाना पर नरेश चौधरी मवाना द्वारा, तहसील मवाना पर हरेन्द्र सिंह बना द्वारा रिठाली चौराहा पर विनेश छुर्र द्वारा, दबतुआ पर गजेन्द्र दबतुआ द्वारा, बहसुमा पर प्रदीप कुमार द्वारा हॉर्न बजाकर प्रदर्शन किया गया। आज सिवाया टोल के धरने मे मुख्य रूप से मोनू छुर्र, आकाश सिरोही नंगला, गौरव इलमसिंह, विनीत सांगवान, मिन्टू दौरालिया, बबलू जिटोली, सुशील कुमार पटेल, सचिन डूंगर, अंकित डांगी, लव भराला, हर्ष मलिक, निशांत इकलोता, रोहित तेजा, विकाश नंगला, मयंक चिकारा, प्रदीप सरपंच, वरूण राठी, जगत सिंह सरूरपुर, तेजपाल शादीपुर, रिषभ नंगला, ध्रुव नंगला, हर्ष मलिक आदि सहित तमाम साथियो की सहभागिता रही।




## बी. एड द्वितीय वर्ष की संशोधित परीक्षा कार्यक्रम घोषित

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सहा. कुलपति द्वारा बी. एड द्वितीय वर्ष की परीक्षा का कार्यक्रम घोषित करते हुए कहा है। कि पूर्व में परीक्षा कार्यक्रम को संशोधित करते हुए पुनः परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि बी. एड. द्वितीय वर्ष की परीक्षा कार्यक्रम 2021 की पाली संशोधित करते हुए पुननिरीक्षित परिक्षा कार्यक्रम इस अक्षय के साथ प्रेषित क्या जा रहा है। कि समस्त संबंधित महाविद्यालय के छात्र निर्धारित समय व तिथि पर परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। बी.एड दितिय वर्ष 2021 की परीक्षा प्रथम पाली सुबह 7:30 बजे से सुबह 9:00 बजे तक पूर्व में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी।

## गैलेक्सी शिक्षा प्रसार समिति द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन




**मेरठ दर्पण–बागपत।** गैलेक्सी शिक्षा प्रसार समिति, पांची के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर सभी सदस्यों पौधारोपण में भाग लिया। कार्यक्रम में 51 पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नासिर सिद्दीकी ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है। समिति सचिव समाजसेविका गुलिस्ता मुमताज ने क्षेत्र वासियों से ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने व उनकी देखभाल करने के लिए आह्वान किया ओर कहा कि वृक्ष इन्सान का सबसे निकट मित्र हैं जो हर मोड़ पर उसका साथ देता है। कार्यक्रम संयोजक गुलजार आलम व उनके सहयोगियों ने गावं में घूमकर सार्वजानिक स्थलों पर वृक्ष लगाए व आसपास के लोगों को भी इसमें भागीदारी करने के लिए जागरूक व प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नासिर,समाजसेवी मुनेश त्यागी, गौरव त्यागी, पंकज त्यागी, गौरव ढाका, रिंकू, तुषार, व फारुख आदि उपस्थित रहें।

## ग्लोबल सोशल कनेक्ट सदस्यों ने पौधा लगाने का लिया संकल्प



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** वन महोत्सव के पांचवे दिन ग्लोबल सोशल कनेक्ट तथा मेरा शहर मेरी पहल के सदस्यों ने मेट्रो पब्लिक स्कूल , शताब्दी नगर, रिठानी , दिल्ली रोड के पास पौधे लगाए. और उन्हें सुरक्षित रखने का निर्णय लिया गया । स्कूल की प्रधानाचार्या , अध्यापक एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने नाम का पौधा लगाने का संकल्प लिया । इस वृक्षारोपण समारोह में मुख्य अतिथि जिला वन अधिकारी राजेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने स्कूल के बच्चों को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने ग्लोबल सोशल कनेक्ट के सभी सदस्यों और अध्यक्ष रिचा सिंह का भी धन्यवाद किया । रिचा ने कहा कि वृक्षों की कमी को देखते हुए उन्होंने वृक्षारोपण समारोह का कार्यक्रम शुरू किया है जिसको देखकर लोग वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित हो सकें। मेट्रो पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक प्रमोद दीक्षित ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं, जिससे कि हमारा आने वाला भविष्य सुरक्षित रहे और प्रदूषण से बचें । मेरा शाहर मेरी पहल से अंकुश चौधरी ने कहा कि वृक्षों का ना होना केवल प्रदूषण या पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना नहीं है बल्कि जो तेज बारिश के कारण मिट्टी का कटाव होता है उसको भी रोकना चाहिए और ज्यादा वृक्षारोपण करें। कार्यक्रम में गौरव सक्सेना , विपुल सिंघल , सुरेंद्र शर्मा , संगीता , शिव कुमार , चन्द्रकान्त , अनिता , रविन्द्र पधान , माणिक , रुद्राक्ष , कुशाग्र , तनिष्क आदि शामिल रहे ।

## विधायक की पत्नी सरधना ब्लॉक की निर्विरोध प्रमुख निर्वाचित





**मेरठ दर्पण–मेरठ।** विधायक संगीत सोम की पत्नी प्रीति सोम उर्फ सिमरन ठाकुर सरधना ब्लॉक की निर्विरोध प्रमुख निर्वाचित हो गई हैं। गुरुवार को उन्होंने दल बल के साथ ब्लॉक में नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके सामने किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन पत्र नहीं भरा, जिसके चलते वह निर्विरोध निर्वाचित हो गई। इस दौरान विधायक संगीत सोम व जिला अध्यक्ष अनुज राठी भी मौजूद रहे। बता दें कि प्रीति सोम उर्फ सिमरन ठाकुर सलावा गांव के वार्ड नम्बर 17 से निर्विरोध बीडीसी सदस्य निर्वाचित हुई थीं। भाजपा हाईकमान ने उन्हें सरधना ब्लॉक से प्रमुख पद का उम्मीदवार घोषित किया था। उन्होंने बुधवार को ही नामांकन पत्र खरीद लिया था। गुरुवार को प्रीति सोम पूरे दल बल के साथ नामांकन करने पहुंची। प्रीती सोम के अलावा सरधना ब्लॉक में दूसरा कोई नामांकन नहीं हुआ, जिसके चलते वह निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित हो गई। बता दें कि प्रीति सोम सरधना ब्लॉक की दूसरी बार प्रमुख बनी हैं। इससे पहले वह सपा शासनकाल में 2010 से 15 तक सरधना ब्लॉक की प्रमुख रही हैं।

## तुलसी के पौधे वितरित कर बताए तुलसी के महत्व



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा सूरजकुंड स्थित साई मंदिर पर तुलसी के पौधे का वितरण किया गया। क्लब निदेशक आयुष गोयल और पीयूष गोयल ने बताया कि सनातन धर्म में तुलसी के पौधे को पवित्र माना गया है।तुलसी का पौधा औषधीय गुणो से भरपूर होता है। ऐसा माना जाता है जिस घर के आंगन में तुलसी का वास होता है वहां पर सुख समृद्धि, शांति, धन संपदा, अपने आप ही आ जाती है ओलंपियन अलका तोमर ने कहां तुलसी का पौधा विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है तुलसी का सेवन आंखों हृदय और किडनी एवं दमा रोग टी बी अदि अनेको रोगों लिए फायदेमंद है विपुल सिंघल ने कहा तुलसी का पौधा घर में स्थापित करने से पित्र दोष एवं वास्तु दोष दूर होते हैं। इस अवसर पर लक्ष्मी शर्मा, अशोक अग्रवाल ,नवीन अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल ,माधुरी अग्रवाल, यश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे

## यू.पी जोड़ो सदस्यता अभियान की शुरुआत



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमेंद्र ढाका,जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी व महानगर अध्यक्ष अज्जू पंडित के नेतृत्व में यू.पी जोड़ो सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई जिसमें सबसे पहले शिव चौक कंकरखेड़ा पर सदस्यता कैंप का उद्घाटन किया गया। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष सोनवीर सिंह, जिला सचिव शुभम पंडित, महानगर उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, उपस्थित रहे।उसके उपरांत दक्षिण विधानसभा के माधवपुरम तरंग चेंबर मैं सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई इसके उपरान्त प्रदेश वरिष्ट उपाध्यक्ष सोमेंद्र ढाका की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली जिसके उपरांत जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी द्वारा पूर्व पार्षद तरुण गोयल को जिला उपाध्यक्ष, मनोज भाटी को दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष व विकास रस्तोगी को शहर विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। महानगर अध्यक्ष अज्जू पंडित द्वारा महानगर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें मनोज गुप्ता,संदीप गुप्ता, संजय प्रजापति को महानगर उपाध्यक्ष व वार्ड 48 से विकास गुप्ता को वार्ड अध्यक्ष,वार्ड 6 से सौरभ मित्तल को वार्ड अध्यक्ष, वार्ड 11 से गगनदीपको वार्ड अध्यक्ष,वार्ड 10 से कपिल कुमार को वार्ड अध्यक्ष,वार्ड 8 से दीपक कुमार को वार्ड अध्यक्ष, वार्ड 30 से तुषार पंडित को वार्ड अध्यक्ष, वार्ड 55 से धनप्रिया बौद्ध को वार्ड अध्यक्ष,नियुक्त किया गया कार्यक्रम में किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह, माइनॉरिटी विंग के प्रदेश सचिव उमर हबीब,यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक चौधरी, जिला महासचिव गौहर रजा सिद्दीकी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजाराम, कोषाध्यक्ष एस. के शर्मा,कैप्टन गुलशन, सुमन पाल सिरोही, संजय जोशी,महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष ममता ऋषि, सिमरन, निरमेश त्यागी आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## शोभित विश्वविद्यालय में निर्देशन एवं परामर्श विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** स्कूल ऑफ एजुकेशन, शोभित विश्वविद्यालय मेरठ शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर निर्देशन एवं परामर्श विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता डॉ सुरक्षा बंसल रही उन्होंने मनोविज्ञान के क्षेत्र एवं विभिन्न विधियों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के विभिन्न स्तरों का निर्देशन एवं परामर्श विषय पर विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया । इसमें विद्यार्थियों को विद्यालय चयन, विषय चयन, समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि में आने वाली समस्याओं के मनोवैज्ञानिक समाधान पर विस्तृत रूप से अंत क्रिया प्रतिभागियों के साथ की गई । कैरियर निर्देशन एवं परामर्श के दक्षताओं संबंधी पहलुओं को योजनाबद्ध बनाने पर जोर दिया गया। निर्देशन एवं परामर्श की आवश्यकता महत्व एवं और प्रकारों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर प्रस्तुत की जाने वाली प्रक्रिया एवं विधियों के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रस्तुत किए जाने वाली विभिन्न विधियों एवं उनको किस प्रकार की समस्या समाधान में प्रस्तुत किया जा सकता है।आज की परिस्थितियों में निर्देशन एवं परामर्श प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान के लिए अनिवार्य है। विद्यार्थियों की योग्यताओं को परखने के लिए शैक्षणिक संस्थान विभिन्न प्रकार के मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का प्रयोग करती है। इससे संस्थान में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थियों के लिए विभिन्न कैरियर संबंधी कौशलों की प्रगति एवं व्यवस्था का विकास भी किया जा सकता है । डॉ बंसल ने बताया कि कार्यशाला शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों एवं शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए काफी महत्वपूर्ण एवं उपयोगी है । इससे कौशल संवर्धन के साथ आत्मविश्वास भी उन्नत बनाया जा सकता है ।

# विश्व विद्यालय की परीक्षा में 8 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**विपुल जैन**

**बागपत।** श्री राम कॉलिज ऑफ हायर एजुकेशन बागपत में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की मुख्य परीक्षा हुई। इसमें गणित विषय कोड बी-226 व बी-227, जंतु विज्ञान बी-221 व बी-222 तथा एमकॉम वाणिज्य आई-302 की परीक्षा संपन्न करायी गयी। परीक्षा के दौरान 83 परीक्षार्थीयो में से 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में छात्र-छात्राओं को हर विषय में केवल एक कोड की परीक्षा का ही विकल्प दिया गया है। गौरतलब है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा उक्त महाविद्यालय को रेगुलर व प्राइवेट परीक्षार्थीयो का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा दिगंबर जैन कालेज बडौत के भौतिकी के विभागाध्यक्ष डॉ विजय लपाल सिंह जो को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया हैं, उनके दिशा-निर्देशन में परीक्षा नकलविहीन व सुचारू रुप से कोविड के सभी नियमो का पालन करते हुए संपन्न करायी गई। बिना मास्क के किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नही दिया।परीक्षा के दौरान रोहित शर्मा, विजय वर्मा, हरीश चौहान, रामकिशोर शर्मा, विकास शर्मा, पंकज शर्मा, अंकित कटारिया, अंकित शर्मा, शिवम गोयल आदि का विशेष सहयोग रहा।




**लखनऊ।** लखनऊ स्थित राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त सुभाष सिंह से मिलकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता काजी शादाब तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली मौजूद रहे।

# मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य की कामना के लिए हिंदुओं ने किया यज्ञ, तो मौलवियों ने की दुआ




**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव का स्वास्थ्य खराब होने की सूचना पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य लाभ के लिए एक पार्टी कार्यकर्ताओं ने महामृत्युंजय के जाप किए। वही बराबर में मौलवी साहब ने मुलायम सिंह यादव की लंबी आयु के लिए दुआएं पढ़ी।

खास बात ये रही कि अपने नेता के स्वास्थ्य लाभ के लिए हिन्दू-मुस्लिम भाई चारे की मिसाल पेश करते हुए मुस्लिम कार्यकर्तृता अपने नेता के लिए दुआ पढ़ते नजर आये, तो हिन्दू कार्यकर्ता हवन यज्ञ कर भगवान से नेता स्वस्थ्य लाभ की प्रार्थना करते अजर आये।

# सुन ले खुदा सॉन्ग की शूटिंग कमला नेहरू वाटिका मैं संपन्न हुई



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** टीम स्काई के उभरते सितारों ने मचाया धमाल सभी कलाकार एक प्लेटफार्म पर दिखाई दिये जिन्होंने इस उमस भरी गर्मी मे अनेक स्थानो पर जाकर सुनले खुदा सोंग की शूटिंग की इसी कड़ी मे आज सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कमला नेहरू वाटिका कंपनी गार्डन मैं सॉन्ग के डायरेक्टर सेम अंसारी प्रोड्यूसर जावेद कुरेशी लेखक और गायक आशु अरमान ने अपने मॉडल्स नवाज कुरैशी अलीना अंसारी को साथ लेकर गाने की शूटिंग कराई मॉडल नवाज कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया यह गाना सच्चे प्रेम पर आधारित है एक लड़का रेस्टोरेंट मे बैठा हुआ होता वहीं एक लड़की अपनी एंट्री करती है रेस्टोरेंट में पहले से मौजूद लड़का लड़की की तरफ बिना पलक झपके देखता रहता है और उसके ख्यालों में खो जाता है लड़की वहां से अपना कार्य निपटा कर चली जाती है लड़का उसके ख्यालों में खोया रहता है तभी वहाँ पर लड़के का दोस्त आ जाता है और उसकी पीठ पर हाथ मारकर लड़के को उसके सपनों से बाहर लाता है और कहता है भाई कहां खोए हो लड़का बोलता है यार अभी एक लड़की ने एंट्री की थी उसको देखते हैं ऐसा लगा जैसे उसका और मेरा जन्म जन्मांतर का रिशता हो मुझे उससे प्यार हो गया है मैं उस लड़की से दोबारा मिलना चाहता हूं फिर उसकी तलाश में दीवानों की तरह उसे ढूंढना लगता है और अपने प्यार को पा लेता है इसी पर इस सॉन्ग का नाम सुन ले खुदा रखा गया है यूट्यूब चैनल पर टीवी स्काई के द्वारा यह गाना धमाल मचाएगा ऐसा सभी कलाकारों को विश्वास है उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा है कि हमारे यूट्यूब चौनल टीम स्काई को लाइक सब्सक्राइब शेयर जरूर करें सॉन्ग में साइड रोल का किरदार निभा रहे गुलफाम कुरैशी के साथ यूट्यूब चौनल की टीम स्काई के सभी कलाकार उपस्थित रहे

# 12 जुलाई के घेराव को बनाये सफलः स.वीएम सिंह

**एजेंसी**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स.वीएम सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर संगठन पूरी तरह संघर्षशील है और उनकी लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ा जा रहा है और निश्चित रूप से सफलता हासिल की जायेगी। सरदार वीएम सिंह आज यहां कलेक्ट्रेट परिसर में संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा दिये जा रहे छह दिवसीय धरने को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों के समक्ष आज जो कठिनाईयां सामने आ रही है। सरकार उनके प्रति गंभीर नहीं है। कोरोना काल का असली खामियाजा किसानो को भुगतना पड़ रहा है, क्योंकि पैट्रोल डीजल के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है। गन्ना किसानो का करोड़ों रूपया चीनी मिलों पर बकाया है, लेकिन शासन-प्रशासन के लोग मिलों पर दबाव बनाकर भुगतान में दिलचस्पी नहीं दिखाते, जिस कारण आज किसानों को संघर्ष के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर उनका संगठन सदैव ही संघर्षशील रहा है और उनकी लडाई को मजबूती से लड़ने का काम किया जाता रहा है। सरकार किसानों को लेकर संवेदनशील नहीं लगती, जिस कारण आज किसान को उनकी उपज का भी सही दाम नहीं मिल पा रहा है और धान, गेंहू खरीद में भी पूरी तरह लापरवाही बरती गयी है। किसानों को उनकी फसल कमजोर बताकर क्रय केन्द्रों से वापिस लौटा दिया गया और इन्हीं समस्याओं को लेकर अब 12 जुलाई को लखनऊ विधान सभा का घेराव किया जायेगा। उन्होंने किसान प्रतिनिधियों से आह्वान करते हुए कहा कि वह अपनी लड़ाई को मजबूती के साथ लडने का काम करें। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि गन्ना मूल्य का बकाया भुगतान शीघ्र हो तथा वर्ष 2011 से अब तक भुगतान में हुयी देरी को देखते हुए ब्याज सहित भुगतान किया जाये। गन्ना मूल्य 450 रूपये प्रति कुन्तल हो, किसानों की आरसी वापिस की जाये। बिजली के बढ़े दाम कम किये जाये।

# कुरैशी समाज ने की पंचायत, राजनीतिक पार्टियों के बहिष्कार का लिया निर्णय

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** में बुधवार रात को कुरैशी समाज ने एक पंचायत का आयोजन किया, जिसमें विवाह शादियों में फिजूल खर्ची और दहेज लेने और देने वाले लोगो का सामाजिक बहिष्कार और मुस्लिम युवतियों के लिए मॉर्डन एजुकेशन के लिए कुरैशी समाज द्वारा हाई टेक स्कूल कॉलेज खोलने पर सहमति दी गयी। साथ ही समाज के जिम्मेदार लोगों ने हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए आने वाले चुनाव में उन सभी राजनीतिक पार्टियों का भी बहिष्कार करने का निर्णय लिया जो जो वोट बैंक की राजनीति कर हिंदुस्तान के हिन्दू मुस्लिम भाईचारे के बीच खाई खोदकर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने की नापाक कोशिश कर सत्ता की सीट पर काबिज होना चाहती है। दरअसल मामला मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र खालापार का है जहां बुधवार रात कुरैशी समाज द्वारा एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी जिम्मेदार लोगों ने हिस्सा लिया।



पंचायत में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का बीड़ा उठाते हुए पंचायत में विवाह शादियों में फिजूल खर्ची, दहेज की नुमाइश के साथ-साथ दहेज लेने और देने वाले परिवार का सामाजिक बहिष्कार किये जाने का फैसला लिया गया साथ ही शादियों में फिजूल खर्ची ना कर उस रकम से निर्धन और गरीब तबके की बेटियों की शादियां कराये जाने पर जोर दिया। पंचायत में आने वाले 2022 के चुनाव को लेकर भी समाज के लोगों ने साफ कर दिया है कि चुनाव में उन सभी राजनैतिक पार्टियों का भी बहिष्कार किया है जो वोट बैंक की राजनीती कर हिंदुस्तान के हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे के बीच खाई खोदकर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने की नापाक कोशिश कर सत्ता की सीट पर काबिज होना चाहती है। पंचायत में मौजूद जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष हाजी यूसुफ कुरैशी ने कहा कि अपने समाज में कुछ लोगों द्वारा सगाई शादी में दहेज के नाम पर बड़ी रकम गहनों व सामान की नुमाइश फिजूलखर्ची से बहुत ही गलत असर पड़ रहा है जो कतई गलत है कैराना व थानाभवन में ऐसे ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज होने से समाज में गलत संदेश गया है। जमीयतुल कुरैश ऐसी ही सामाजिक बुराईयों को रोकने के लिए बना है अब ऐसी नुमाइश को आपसी एकता व सूझबूझ से रोका जाएगा।

# खतौली में भारतीय किसान यूनियन का महंगाई को लेकर धरना प्रदर्शन



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** राकेश टिकैत की अगुवाई में संयुक्त किसान मोर्चा के आदेश पर महंगाई के विरोध में देशव्यापी सांकेतिक प्रदर्शन किया गया यह प्रदर्शन जिला मुजफ्फरनगर में 10 स्थानों पर किया गया जिसमें 9 ब्लॉक के अलावा मुजफ्फरनगर के खतौली ब्लॉक मैन चोपला खतौली पर भी महंगाई के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया जिसमें प्रदेश सचिव चौधरी चांद वीर सिंह जिला सचिव चौधरी शक्ति सिंह वह ब्लॉक अध्यक्ष खतौली विदेश मौतला व महानगर अध्यक्ष शाहिद आलम के संयुक्त नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया जिसमें अपना वक्तव्य रखते हुए की पिछले 7 साल में जब से यह सरकार आई है यदि तुलना की जाए तो महंगाई 10 गुनी बढ़ी है और आम आदमी की आमदनी 1 बटा 10 हो गई है यानी 1 बटा 10 के अनुपात में आम आदमी और महंगाई का अनुपात है किसानों के लिए बीज खरीदना दुश्वार हो गया है इतनी भयंकर गर्मी में भी किसान पूरे प्रदेश में किसानों के लिए जगह जगह महंगाई को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन इस विरोध का असर सरकार पर नहीं दिख रहा है आम आदमी और किसान इस महंगाई से दिन प्रतिदिन पीस रहा है इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से खतौली ब्लॉक अध्यक्ष विदेश मौतला ने सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा की सरकार यदि महंगाई को कम नहीं करा पाई तो हम अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे और सभी किसान भाई जगह-जगह विरोध प्रदर्शन करेंगे गर्मी और धूप में भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखे हैं शांतिपूर्वक रोड पर प्रदर्शन करके अपना ज्ञापन सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया विदेश मातला ने बताया कि पिछले 70 सालों में पेट्रोल डीजल के दाम इतने बड़े जितने इस सरकार में बड़े हैं डीजल के दामों में महंगाई होने के कारण किसानों को फसल में पानी देने के लिए इंजन में डीजल का उपयोग करना होता है जो वर्तमान में बहुत महंगा है इस वजह से किसानों को बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ब्लॉक अध्यक्ष खतौली विदेश मौतला ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन करके अपना ज्ञापन सौंपा।

# भारतीय किसान यूनियन की अगुवाई में संयुक्त किसान मोर्चा के आदेश पर महंगाई के विरोध में किया गया प्रदर्शन



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की अगुवाई में संयुक्त किसान मोर्चा के आदेश पर महंगाई के विरोध में देशव्यापी सांकेतिक प्रदर्शन किया गया यह प्रदर्शन जिला मुजफ्फरनगर में 10 स्थानों पर किया गया जिसमें 9 ब्लश्कक के अलावा मुजफ्फरनगर के महावीर चौक पर भी महंगाई के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया जिसमें प्रदेश सचिव चौधरी चांद वीर सिंह जिला सचिव चौधरी शक्ति सिंह व महानगर अध्यक्ष शाहिद आलम के संयुक्त नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया जिसमें अपना वक्तव्य रखते हुए की पिछले 7 साल में जब से यह सरकार आई है यदि तुलना की जाए तो महंगाई 10 गुनी बढ़ी है और आम आदमी की आमदनी 1 बटा 10 हो गई है यानी 1 बटा 10 के अनुपात में आम आदमी और महंगाई का अनुपात है इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से कपिल अंसारी,शादाब, अजय पंडित, शैंकी खान, असद त्यागी, राकेश पाल, गुड्डू जावेद परवेज मुन्ना मलिक समद सिद्दीकी वह सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी वर्षा चौधरी ने ब्लाक प्रमुख पद के लिए किया नामांकन







**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के सदर ब्लाक में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख अमित चौधरी की धर्मपत्नी वर्षा चौधरी के द्वारा अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। जहां पर सदर ब्लॉक पर जिला प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए हुए थे ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी वर्षा चौधरी के साथ केवल एक दो लोगों को अंदर आने दिया गया जहां पर वर्षा चौधरी के द्वारा चुनाव अधिकारी को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया भाजपा प्रत्याशी वर्षा चौधरी ने कहा कि उनके पति पूर्व में सदर ब्लाक प्रमुख रह चुके हैं जो कार्य सदर ब्लाक क्षेत्र में रह गए थे उन्हें वह ब्लॉक प्रमुख बनने के बाद पूरा करेंगे जो कि उनके पति पहले भी विकास के मुद्दे पर ब्लॉक प्रमुख पद पर जीत दर्ज करा चुके हैं एवं वह भी अपनी जीत दर्ज कराएगी। भारतीय जनता पार्टी के शाहपुर ब्लाक प्रमुख के प्रत्याशी अरविंद त्यागी ने अपने जिले के यशस्वी जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, बुढ़ाना विधानसभा के विधायक उमेश मलिक, विवेक बालियान , की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया साथ में जिले के महामंत्री विनीत कात्यान जिला मीडिया प्रभारी अचिंत मित्तल,शाहपुर नगर के चेयरमैन परमेश सैनी , जिला कार्यकारणी सदस्य अरविंद त्यागी , जिला कार्यकारिणी सदस्य अमित त्यागी , जितेंद्र धवन , पूर्व प्रधान पूरा नीटू त्यागी , पूर्व प्रधान सोहनजनी निशु त्यागी , राहुलदीप त्यागी निजामपुरआदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिले की सबसे संवेदनशील ब्लाक प्रमुख की सीट पर आज अमित चौधरी की पत्नी के द्वारा ब्लाक प्रमुख की दावेदारी के लिए नामांकन किया गया। जिले के सदर ब्लाक में नामांकन करने पहुंचे अमित चौधरी साथ में बीजेपी जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, विकास अग्रवाल व बीजेपी अन्य नेतागण भी मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक, मंत्री संजीव बालियान के भाई विवेक बालियान भाजपा नेता विकास अग्रवाल के संग ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी शाहपुर अरविंद त्यागी ने नामांकन दाखिल किया। जनपद में आज 9 ब्लाकों पर ब्लाक प्रमुख पद के लिए नामांकन के बाद सदर ब्लॉक में पूर्व प्रमुख अमित चौधरी, मोरना के अनिल प्रमुख और चरथावल में भाजपा प्रत्याशी अक्षय पुंडीर का अकेला नामांकन आने के बाद इनका निर्विरोध निर्वाचन तय है। हालांकि अभी जांच का काम चल रहा है लेकिन मैदान में अकेले उम्मीदवार रहने के कारण उनका निर्विरोध निर्वाचन तय है। खतौली, बुढ़ाना और जानसठ में कडे मुकाबले के आसार हैं। वहीं दूसरी और सदर ब्लाक से दोबारा ब्लश्कक प्रमुख बनेंगे अमित चौधरी आज 3 बजे तक था नामांकन करने का समय अमित चौधरी के विपक्ष में नही हुआ कोई पर्चा दाखिल दोबारा निर्विरोध ब्लाक प्रमुख बनेंगे अमित चौधरी समर्थको ने माला पहनाकर व बुके भेट कर किया खुशी का इजहार योगेंद्र, रवि, नंदू शर्मा ,विजय उर्फ मेजर, अजीतहनी, अर्पित सहित काफी समर्थक रहे मौजूद।

# पूर्व सैनिकों ने दी डा. निर्वाल को बधाई



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा नेता डा. वीरपाल निर्वाल के जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर विजयी होने के बाद उनके घर पर संगठन के पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों के द्वारा बधाई देने वालों का तांता लगा है। गुरुवार को पूर्व सैनिकों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। भोपा में स्थित जिला पँचायत अध्यक्ष के आवास पर पहुँचे राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन सुरेश चंद्र त्यागी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राठी, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार, हरिप्रकाश, सुधीश फौजी, मांगेराम, परमेंद्र राठी, जयप्रकाश त्यागी, हरपाल, धर्मपाल, जयचंद आदि पूर्व सैनिकों ने गुरुवार को भोपा में भाजपा प्रदेश नमामि गंगे के सह-संयोजक डा. वीरपाल निर्वाल के घर पर पहुंचे और जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर विजयी होने पर उन्हें बुके भेंट पर बधाई दी। भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के रामकुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष डा. वीरपाल सहरावत, समनाम बंजारा, अरूण कुमार, दिनेश सैनी, अमित बेनीवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष डा. दिनेश धीमान आदि ने भी घर पहुंचकर भाजपा नेता डा. वीरपाल निर्वाल को जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर विजयी होने पर बधाई दी।

# ट्रैक्टर का एक्सल टूटने के कारण लोहे से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी,टला बड़ा हादसा

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मेरठ रोड पर लोहे के पाइप से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली का अचानक से एक्सल टूट गया जिससे ट्रैक्टर का पहिया निकलने के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर रोड के बीचो बीच पलट गई, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गेटवे चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी कौशल कुमार गुप्ता और उपनिरीक्षक सतपाल सिंह अपनी टीम को लेकर मौके पर पहुंचे, जहां पर काफी लंबा जाम लगा हुआ था, जिसको देखते हुए पुलिस ने आनन-फानन में ट्रैफिक को सुचारू रूप से चालू कराया, और घायल रूप से ट्रैक्टर ड्राइवर को राहगीरों की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया , जहां घायल का उपचार





चल रहा है, वहीं क्षेत्रवासियों द्वारा बताया गया कि ट्रैक्टर चालक नासिर पुत्र इंतजार निवासी ग्राम सुजड़ू थाना शहर कोतवाली का रहने वाला है, जो मजदूरी का कार्य करता है, रोज की तरह आज भी वह फैक्ट्री से लोहे के पाइप भरकर कारखाने पर ले जा रहा था कि, अचानक मेरठ रोड पर ट्रैक्टर का पहिया निकलने से ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और रोड के बीच में पलट गया, गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है ,वहीं क्षेत्रवासियों ने मौके पर पहुंचे गेटवे चौकी प्रभारी कौशल कुमार गुप्ता और उप निरीक्षक सतपाल सिंह और उनकी टीम का आभार जताते हुए और उनके कार्य को देखकर उनकी प्रशंसा की।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन। 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।